हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
# मेट्रो सिटी
नागपुर, शनिवार, 15 फरवरी 2025

## कल समाअते कुरान कार्यक्रम महिलाओं और लड़कियों के लिए

**नागपुर.** महिलाओं और लड़कियों के लिए जेआईएच और जीआईओ नागपुर पश्चिम के तत्वावधान में कल इस्तक़बाले रमज़ान कार्यक्रम दोपहर 3 बजे से तथा सम्माननीय रमज़ान महिने के लिए एक माह तक समाअते क़ुरआन का सिलसिला 19 फरवरी से 20 मार्च 2025 तक प्रतिदिन सुबह 10:30 से आयोजित किया गया है। दोनों कार्यक्रम जाफ़र नगर, टीचर्स कालोनी में स्थित मस्जिद मर्कज़े इस्लामी सभागृह में आयोजित किए जाएंगे। समाअते क़ुरआन में अनुवाद और व्याख्या प्रस्तुत की जाएगी। आयोजकों ने कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए लड़कियों और महिलाओं से उपस्थिति का अनुरोध किया है।

## नाबालिगों से चोरी करवाने वाला अपराधी गिरफ्तार

### 6 मामलों का खुलासा, 8.70 लाख का माल बरामद



**नागपुर.** जरीपटका थाना क्षेत्र में 13.20 लाख रुपये की चोरी के मामले में पुलिस ने सघन जांच के बाद तीन नाबालिग समेत चार आरोपियों को हिरासत में लिया। उनके पास से 8.70 लाख रुपये का माल बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी के लिए उकसाने वाले मुख्य आरोपी आशीष उर्फ बोड्या यादवराव चौधरी (42) का नाम उजागर किया, उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने चोरी की जांच के लिए 180 से अधिक सीसीटीवी फुटेज की छानबीन की। इसमें चौराहों, दुकानों और घरों के बाहर लगे कैमरों की रिकॉर्डिंग का बारीकी से विश्लेषण किया गया। जांच के दौरान तीन नाबालिगों की संलिप्तता सामने आई। पूछताछ में उन्होंने बताया कि उन्हें आशीष ने चोरी के लिए उकसाया था। आरोपी आशीष से कड़ी पूछताछ के बाद उसने न सिर्फ इस चोरी बल्कि अन्य पांच मामलों में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर 8.70 लाख रुपये का चोरी का सामान बरामद किया। जांच में यह भी पता चला कि आशीष पर हत्या के प्रयास का एक मामला दर्ज है और वह लंबे समय से पुलिस से बच रहा था.

# मनपा को मिली पहली पीएम ई-बस

## मई में उपलब्ध होंगी 40 ई-बसें: केंद्रीय टीम ने किया निरीक्षण

**नागपुर.**





केंद्र सरकार के प्रधानमंत्री। ई-बस योजना के माध्यम से देश के विभिन्न शहरों में इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध कराई जाएंगी। दिलचस्प बात यह है कि पी.एम. ई-बस योजनाओं में से पहली योजना नागपुर नगर निगम को मिलेगी और मई 2025 में नगरपालिका को 40 ई-बसें प्राप्त होंगी। शुक्रवार को केंद्र सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली की एक टीम द्वारा कार्य का संयुक्त निरीक्षण किया गया। टीम ने नगर निगम के कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया है। भारत सरकार आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली के उप टीम लीडर राम पौनीकर, वरिष्ठ परिवहन योजनाकार अमनदीप कुमार, सलाहकार मिश्रा, जेबीएम कंपनी के कल्याण रेड्डी, सी.ई.एस.एल. और बस आपूर्तिकर्ता के वरिष्ठ अधिकारियों ने शुक्रवार को नगर निगम के इलेक्ट्रिक बस डिपो का निरीक्षण किया।

सबसे पहले उन्होंने नगर निगम आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी से मुलाकात की तथा परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ इलेक्ट्रिक बस डिपो का संयुक्त निरीक्षण किया। इस अवसर पर परिवहन प्रबंधक विनोद जाधव, प्रशासनिक अधिकारी रविन्द्र पागे, प्रबंधक (प्रशासन) विकास जोशी, प्रबंधक (संचालन) राजीव घाटोले, उप अभियंता केदार मिश्रा, मैकेनिकल इंजीनियर योगेश लुंगे, विद्युत अभियंता प्रशांत कालबांडे, राजस्व निरीक्षक समीर परमार उपस्थित थे। शहरी बस परिवहन के विकास को प्रोत्साहित करने और समर्थन देने के लिए, आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय, नई दिल्ली, भारत सरकार के माध्यम से पूरे देश में पीएमई बस सेवा योजना लागू की जा रही है। इनमें से 150 ई-बसें नागपुर शहर के लिए प्राप्त होंगी। इसके साथ ही खापरी डिपो और कोराडी डिपो को भी बुनियादी सुविधाओं के तहत विकसित किया जाएगा।

केंद्र सरकार ने महावितरण के तहत एचटी और एलटी विद्युत कनेक्शन और निर्माण कार्यों के लिए धन उपलब्ध कराया है। उपरोक्त दोनों डिपो में से कोराडी डिपो अप्रैल 2025 के अंत तक तैयार हो जाएगा। महावितरण ग्रामीण (कोराडी) द्वारा कोराडी डिपो के लिए 33 केवी लोड हाई-टेंशन का काम लगभग पूरा हो चुका है और लोड लो-टेंशन और निर्माण कार्य प्रगति पर है।

# इंश्योरेंस पॉलिसी पेमेंट के नाम पर धोखाधड़ी, दो गिरफ्तार

**नागपुर.**



बजाजनगर थाना क्षेत्र में इंश्योरेंस पॉलिसी पेमेंट मैनेज करने के नाम पर 53.96 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान साई वैभव भरत दास (20) और निशांत गिरीश त्यागी (24) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि नागपुर के सुरेन्द्रनगर निवासी विजय कृष्णराव सोनटक्के (78) ने 15 से 16 इंश्योरेंस पॉलिसी ले रखी थी, जिनका प्रीमियम उनके बैंक खाते से ऑटो-डेबिट सिस्टम के जरिए कटता था। विजय पेशे से व्यवसायी हैं। 19 सितंबर 2024 को विजय को हरिहर मिश्रा और मदीरा माथूर नामक व्यक्तियों का फोन आया, जिन्होंने खुद को इंश्योरेंस पॉलिसी प्रीमियम मैनेज करने वाली कंपनी के कर्मचारी बताया। उन्होंने दावा किया कि उनकी सेवा लेने से पॉलिसी की कोई भी किश्त रुकने नहीं दी जाएगी। इस झांसे में आकर विजय ने अपनी सभी पॉलिसियों का भुगतान उनके माध्यम से करने की अनुमति दे दी। 23 दिसंबर 2024 तक विजय के खाते से कुल 53,96,119 रुपये निकाले गए, लेकिन यह राशि पॉलिसी खातों में जमा नहीं हुई।

जब विजय को धोखाधड़ी का एहसास हुआ, तो उन्होंने तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। तकनीकी जांच के दौरान पुलिस को आरोपियों की जानकारी मिली। नागपुर पुलिस ने उत्तर प्रदेश पुलिस की मदद से दोनों आरोपियों को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया। पूछताछ में उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया। हालांकि जब गाजियाबाद पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने के लिए घर पहुंची तो वहां एक आरोपी के घर से देशी कट्टा मिला जिसके चलते आर्मस एक्ट के तहत गाजियाबाद पुलिस ने उनके खिलाफ मामला भी दर्ज किया।

आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने 24.35 लाख रुपये नकद, चार मोबाइल, दो सिम कार्ड और एक नोटपैड बरामद किया है। साथ ही, जिस बैंक खाते में ठगी की रकम ट्रांसफर की गई थी, उसकी भी जांच की जा रही है। पुलिस अब उस बैंक खाते के मालिक का पता लगाने और अन्य संभावित आरोपियों की पहचान करने में जुटी हुई है। इस मामले में गाजियाबाद के मधुबन पुलिस थाने में भी केस दर्ज किया गया है।

## रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के लिए विदर्भ टीम का एलान



**नागपुर.** नागपुर में आगामी 17-21 फरवरी को जामठा स्टेडियम में खेले जाने वाले रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में मुंबई से भिड़ने वाली विदर्भ की 17 सदस्यीय टीम घोषित कर दिए गए हैं इसमें से एक बदलाव किया गया है। वीसीए की सीनियर चयन समिति ने आगामी मैच के लिए फिट नहीं होने वाले शुभम कापसे की जगह ऑलराउंडर दर्शन नलकांडे को शामिल किया गया है, अक्षय वाडकर (कप्तान और विकेटकीपर), अथर्व तायडे, अमन मोखड़े, यश राठौड़, हर्ष दुबे, अक्षय कर्णेवार, यश कदम, अक्षय वखारे, आदित्य ठाकरे, दर्शन नालकंडे, नचिकेत भुते, सिद्धेश वाथ (विकेटकीपर), यश ठाकुर, दानिश मालेवार, पार्थ रेखाडे, करुण नायरध्रुव शौरी, सहयोगी कर्मचारी- वर्ग कोच, उस्मान गनी, सहायक कोच, अतुल रानाडे,एस एंड सी कोच, युवराज सिंह दसौंधी, फिजियो, डॉ नितिन खुराना वीडियो विश्लेषक: अमित मणिक्राव प्रबंधक, जितेंद्र दरभे.

## लापरवाही से खड़े ट्रक से टक्कर, चालक की मौत



**नागपुर.** बेलतरोड़ी थाना क्षेत्र में वर्धा रोड पर महेश ढाबा टर्निंग के पास हुए एक दर्दनाक हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई। यह हादसा एक खराब ट्रक को लापरवाही से खड़ा करने के कारण हुआ। मृतक की पहचान बबलू सुभाष बुरे (34), वार्ड नं. 3, भोयर ले-आउट, बुट्टीबोरी, तह. हिंगणा निवासी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, बबलू अपने ट्रक से नागपुर की ओर आ रहे थे। इसी दौरान बेलतरोड़ी थाना क्षेत्र में महेश ढाबा टर्निंग के पास एक टाटा हाईवा ट्रक का चालक अपना वाहन डिवाइडर से सटाकर बिना इंडिकेटर और रिफ्लेक्टर लगाए खड़ा कर चला गया। रात करीब 9 से 9:30 बजे के बीच अंधेरे में खड़े इस ट्रक को बबलू नहीं देख सके और उनका ट्रक उससे टकरा गया। इस हादसे में बबलू गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल इलाज के लिए एम्स अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई अतुल सुभाष बुरे (29) की शिकायत पर बेलतरोड़ी पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ आईपीसी की धारा 285, 106 (1) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

## सीआरपीएफ स्टेशन स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

**नागपुर.**



अनिल कुमार, उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र नागपुर की अध्यक्षता में 9 फरवरी, 2025 से प्रारंभ स्टेशन स्तरीय क्रिकेट ट्रॅर्नामेंट का आयोजन किया। इस क्रिकेट टूर्नामेंट में विभिन् कार्यालयों के क्रिकेट खिलाडी जवानों से सुसज्जित कुल 08 टीमों ने भाग लिया। इस टूर्नामेंट की विशेषता यह रही कि खिलाडियों द्वारा अपनी दैनिक ड्यूटियों का निर्वहन करने के उपरांत भी टूर्नामेंट का हिस्सा बनें रहे। इनके प्रदर्शन से ऐसा प्रतीत हो रहा था मानों इन जवानों में एक सफलतम खिलाड़ियों के समान वे सभी खूबियों और प्रतिभा छुपी हुई हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों के मध्य हुए सभी प्रतिस्पर्धा मैचों का उपस्थित खेल प्रेमीयों ने आनंद उठाया। निर्धारित समयवद्ध तरीके से टूर्नामेंट संचालन के दौरान अंतिम पढ़ाव के निर्णायक मैच में प्रशांत आर. जम्भोलकर, उप महानिरीक्षक रेंज कार्यालय नागपुर, अनिल कुमार, उप महानिरीक्षक रेंज कार्यालय नागपुर एवं डॉ. मनोज कुमार सिन्हा, उप महानिरीक्षक (चिकित्सा) संयुक्त अस्पताल नागपुर की गरीमयी उपस्थिति में दो प्रतिद्वंदी क्रिकेट टीम-कम्पोजिट अस्पताल नागपुर एवं टीम-रेंज कार्यालय नागपुर के मध्य 13 फरवरी 2025 को मैच खेला गया जो बेहद ही रोमांचक और अस्थिरता के सरावोर से गुजरता रहा।

इस निर्णायक मैच में अंतः संयुक्त अस्पताल नागपुर टीम विजयी वं रेंज कार्यालय नागपुर को उप-विजयी हुई। इस निर्णायक मैच में स्टेशन स्तरीय सभी कार्यालयों के राजपत्रित अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी एवं जवानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और खिलाड़ियों का उत्साह वर्द्धन किया। मैदान के इस विहंगम दृश्य के साक्षी रहे मुख्य अतिथि अनिल कुमार, उप महानिरीक्षक ग्रुप केंद्र नागपुर द्वारा खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की गई और विजेता टीम को बधाईयां दी और उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना करते पुरस्कार वितरण करने के उपरांत स्टेशन स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन की औपचारिक घोषणा की गई।

## अमृत महोत्सव के अवसर पर लोगों प्रतियोगिता

**नागपुर.** नागपुर महानगरपालिका की स्थापना को 75 वर्ष हो गए हैं। नगर निगम के अमृत महोत्सव के लिए विशेष लोगो बनाया जा रहा है इच्छुक लोग इस प्रतियोगिता में सहभागी हो सकते है यह सुचना नगर निगम आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी ने दी। नागपुर नगर निगम 2 मार्च 2025 को अपने 75वें वर्ष में प्रवेश करेगा। नगर निगम के इस अमृत महोत्सव के अवसर पर वर्ष भर विभिन्न गतिविधियां क्रियान्वित की जाएंगी। नागपुर महानगरपालिका के अमृत महोत्सव के संयोजन में एक विशेष लोगो बनाया जाएगा। नगर निगम का आधिकारिक लोगो “अमृत जयंती वर्ष 2025-26” का उपयोग पूरे वर्ष किया जाएगा। जनता के विचारों के आधार पर नागपुर महानगरपालिका के लिए विशेष लोगो बनाने के उद्देश्य से एक विशेष लोगो प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। नागपुर नगर निगम इच्छुक लोगों से अपील कर रहा है कि वे अपना बनाया हुआ लोगो अपने नाम, पते और संपर्क नंबर के साथ 25 फरवरी, 2025 तक ईमेल आईडी 75yearsnmc@gmail.com पर भेजें।

# वडेट्टीवार बने कांग्रेस के गट नेता, भाजपा के बयान पर पलटवार



**नागपुर.** महाराष्ट्र में कांग्रेस के नए प्रदेशाध्यक्ष की नियुक्ति के साथ ही अब विधानसभा में कांग्रेस पक्ष नेता के पद की भी जिम्मेदारी तय की गई। वरिष्ठ नेता विजय वडेट्टीवार को कांग्रेस ने अपना गट नेता चुना है। पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी पर वडेट्टीवार ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए पार्टी के प्रमुख नेताओं का आभार माना। शुक्रवार को पत्रकारों से बात करते हुए वडेट्टीवार ने कहा कि, कांग्रेस को महाराष्ट्र में मजबूत करने के लिए काम करूंगा। नए प्रदेशाध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल को शुभकामनाएं देते हुए बोले कि, हर्षवर्धन पार्टी के लिए पूरी तरह से समर्पित व निष्ठावान नेता हैं। सपकाल को प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्र शेखर बावनकुले ने कांग्रेस पर चुटकी ली थी। बावनकुले ने कहा था कि, कांग्रेस में कोई प्रदेश अध्यक्ष नहीं बनना चाहता था। वहीं सपकाल को अध्यक्ष पद देकर बलि का बकरा बना दिया है। भाजपा अध्यक्ष के बयान पर वडेट्टीवार ने पलटवार किया है। वडेट्टीवार ने कहा, "सत्ता मिलते ही लोगों का नजरिया बदल जाता है, इससे भी अच्छे दिन आयेंगे। बावनकुले को नसीहत देते हुए कहा कि, कभी भी दूसरों को कम नहीं आंकना चाहिए। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि, अध्यक्ष और विधानसभा में विधायक दल नेता का पद पूर्व और पश्चिम विदर्भ को मिला है। विदर्भ कांग्रेस का गढ़ रहा है, चुनाव में उचित परिणाम नहीं मिलने के बाद भी यह गढ़ बना हुआ है। इसी के साथ वडेट्टीवार ने विदर्भ की जनता एक बार फिर कांग्रेस के साथ मजबूती से खड़ी होगी ऐसा विश्वास भी जताया।




CMYK

# कोंढाली में एग्रीस्टैक शिविर: 355 किसानों ने उठाया लाभ

> 179 किसानों का यूनिक आईडी पंजीकरण

**कोंढाली.**

किसानों के लिए केंद्र सरकार की "एग्रीस्टैक" योजना के तहत ग्राम पंजीकरण अभियान के अंतर्गत कोंढाली और मासोद राजस्व मंडल के किसानों के लिए लाखोटिया भुताडा हाई स्कूल में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 179 किसानों के यूनिक किसान आईडी पंजीकरण किए गए, जबकि 176 किसानों के राजस्व संबंधी मामलों का समाधान किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने एग्रीस्टैक योजना के महत्व को समझाया। तहसीलदार राजीव रणवीर और संजय भुजाड़े ने बताया कि इस योजना के तहत किसानों को यूनिक किसान आईडी दी जाएगी, जिससे भविष्य में उन्हें



सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आसानी होगी। साथ ही, यह आईडी भूमि खरीद-फरोख्त और अन्य कानूनी कार्यों के लिए भी आवश्यक होगी। महाराष्ट्र सरकार ने राज्य के सभी किसानों को इस योजना से जोड़ने के लिए विशेष अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां पूरी की जा रही हैं और जल्द ही गांव-गांव में विशेष शिविर आयोजित कर एक करोड़ से अधिक किसानों का पंजीकरण किया जाएगा। शिविर का आयोजन ग्राम कोंढाली के नायब तहसीलदार संजय भुजाड़े, राजस्व मंडल अधिकारी सूरज सदाडकर (मासोद) और राजस्व मंडल अधिकारी कुणाल पिंजदुरकर के नेतृत्व में किया गया। इस सफल आयोजन में ग्राम अधिकारी अनिल दुनेदार, प्रेमराज गोहते, राजेश चव्हाण, रामानंद आवले, ज्ञानेश्वरी दहीफले, प्रीति चव्हाण, नीता देशमुख, मयूरी लोहारे सहित कई अन्य राजस्व सेवकों और आधार कंप्यूटर संचालकों ने योगदान दिया।



### भविष्य में और भी शिविर आयोजित किए जाएंगे

काटोल उपविभागीय अधिकारी पीयूष चिवंडे और तहसीलदार राजीव रणवीर ने बताया कि सरकार जल्द ही अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचने के लिए और भी शिविर आयोजित करेगी। इस योजना के माध्यम से महाराष्ट्र सरकार किसानों को डिजिटल पहचान देकर उनकी कृषि संबंधी जरूरतों को सरल और सुगम बनाने का प्रयास कर रही है।

# आर्य तेलुगू समाज ने किया सांस्कृतिक, खेल, हल्दी कुमकुम, पिकनिक का आयोजन

**कामठी.**



आर्य क्षेत्रीय तेलुगू समाज की ओर से एक हाथ मानुसकिचा ग्रुप द्वारा खेल, सांस्कृतिक स्पर्धा के साथ पिकनिक का आयोजन कैंटोनमेंट के समीप जूना कामठी स्थित राज फार्म हाउस में किया गया। जहां संगीत नृत्य की विविध प्रस्तुतियों ने सांस्कृतिक उल्लास को जीवंत बना दिया तो बालिकाओं की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। इसका उद्देश्य बच्चों में सांस्कृतिक व खेल में अभिरुचि को जागृत करने के लिए बच्चों को फर्स्ट, सेकंड, प्रोत्साहन उपहार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत पिकनिक में जिस जोश के साथ 230 लोगों ने भाग लिया वह सराहनीय रहा। कार्यक्रम दौरान सभी महिलाओं का सम्मान करते हुए हल्दी कुकू लगाकर हल्दीराम का तिल्ली लड्डू और सेंग दाना पापड़ी बाटी गई। सभी का आशीर्वाद लेते हुए समाज की महिला बच्चे और बड़ों ने बड़ी खुशी से सभी के लिए छोटे बड़े कार्यक्रम रखें। वहीं वेज और नॉनवेज गरम-गरम नाश्ते तथा भोजन का लुत्फ उठाया। कुछ टीम ने क्रिकेट चुना, कुछ बचपन को याद करते हुए मुंह में चम्मच-कंचे, म्यूजिकल चेयर। कुछ बच्चों ने आज की ज्वलंत समस्या पर जैसे जल और जीवन, डिस्पोजल कप, प्लास्टिक प्रदूषण और रोड पर गाड़ियों के धुएं से होने वाले नुकसान, जंक फूड और मैगी से होने वाले नुकसान, बहुत अच्छे तरीके से बच्चों ने अपनी अपनी बात रखी। इस दौरान सीनियर सिटीजन वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति रही। जिसमें विशेष तौर पर 80 साल की बुजुर्ग महिला चिन्दु कोलचरलवार, 75 वर्षीय चंद्रकांत राव, डोगरवार वरोरा, हेमंत गजलवार, संजय राव, रीतेश लक्केवार, राजू ईलचलवार ने भी अपनी दिल की बात रखी। कार्यक्रम के संयोजक संदीप भूषणवार, खेलकूद के कार्यक्रम के अध्यक्ष राजू गजलवार, चम्मच गेम और म्यूजिकल चेयर के लिए सचिन ईलचलवार, संदीप गजलवार, खेलकूद की इनाम के लिए जज आशा चितमलवार और सुनील लकेवार ने अपनी भूमिका निभाई। संयोजक, अध्यक्ष और जज द्वारा सभी को इनाम देकर वह प्रोत्साहन पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन कमल नामपल्लीवार ने व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफलतार्श आशीष संगेवार, सचिन इलचर्लवार, विजय चिटमिटवार, प्रमोद भूषणवार, धनराज भूषणवार, मयूर परसतवार, चंदू कोलचलवार, राकेश चिटमलवार, विक्रम चिटमुलवार, दितेश नामपल्लीवार, युगल नामपल्लीवार आदि आर्य क्षेत्रीय तेलुगू समाज के सदस्यों ने कड़ी मेहनत किए।

# बिना रॉयल्टी चल रहे टिप्परों पर आरटीओ की कार्रवाई

> प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

**वाड़ी.**

खड़गांव क्षेत्र में अवैध उत्खनन और बिना रॉयल्टी के मुरूम परिवहन का सिलसिला लगातार जारी है। इससे सरकार को भारी राजस्व नुकसान हो रहा है। हाल ही में आरटीओ विभाग ने कार्रवाई करते हुए एक ओवरलोड टिप्पर को पकड़ा, जिसमें वाहन के वजन को छोड़कर करीब 32 टन अवैध मुरूम भरा हुआ था।

जांच के दौरान पकड़े गए टिप्पर के दस्तावेज भी अधूरे पाए गए। वाहन के पास न फिटनेस सर्टिफिकेट था, न इंश्योरेंस, और न ही पीयूसी प्रमाणपत्र। इस वजह से आरटीओ विभाग ने वाहन मालिक पर करीब 69 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। शुक्रवार शाम करीब 4 बजे आरटीओ अधिकारी राहुल गांम्बरे



ने खड़गांव में गश्त के दौरान ओवरलोड टिप्पर को पकड़ा। वाहन को वाड़ी थाने में खड़ा करवाया गया और भारी चालान किया गया। लेकिन, स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस अवैध खनन में प्रशासन की मिलीभगत हो सकती है। तहसीलदार कार्यालय की ओर से अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे अवैध उत्खनन का गोरखधंधा बेरोकटोक जारी है।

### स्थायी समाधान की मांग

ग्रामीणों ने मांग की है कि प्रशासन को इस तरह की गतिविधियों पर स्थायी रूप से रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाने चाहिए। सूत्रों के अनुसार, प्रशासन ने अब इस मामले की जांच तेज कर दी है और अन्य अवैध खनन गतिविधियों पर भी कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन इन अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने में सफल होता है या फिर यह गोरखधंधा यूं ही जारी रहेगा।

# पात्र लाभार्थी उठाएं योजना का लाभ: मुख्याधिकारी संदीप बोरकर

**वाडी.**



प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 (शहरी) और रमाई आवास योजना के अंतर्गत वाडी नगर परिषद क्षेत्र के पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाने के लिए शुक्रवार को नगर परिषद कार्यालय में विशेष मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्याधिकारी संदीप बोरकर ने बताया कि यह योजना अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों के लिए है। पात्रता की शर्तों के अनुसार, आवेदनकर्ता या उनके परिवार के किसी भी सदस्य के नाम पर भारत में कहीं भी पक्का मकान नहीं होना चाहिए। साथ ही, आवेदनकर्ता की वार्षिक आय अधिकतम 3 लाख रुपये तक होनी चाहिए और उसने पिछले 15-20 वर्षों में इस योजना का लाभ नहीं लिया हो। मुख्याधिकारी बोरकर ने नगर परिषद क्षेत्र के भूखंड धारकों से अपील की कि वे आवश्यक दस्तावेज़ों जैसे बिक्री पत्र, 7/12 दस्तावेज़, नक्शा, सनद, जाति प्रमाण पत्र और आय प्रमाणपत्र के साथ अपने आवेदन नगर परिषद कार्यालय में जमा करें। शिविर के दौरान उपस्थित पात्र नागरिकों ने ऑनलाइन पंजीकरण भी कराया। इस आयोजन में उपमुख्याधिकारी गौरव गाडगे, निर्माण अभियंता नितेश घोरमाड़े, सिद्धार्थ शार्दूल, प्रधानमंत्री आवास योजना अभियंता मयूर झाडे, योगेश जहागीरदार, आनंद भगत, महेश वानखेडे और सरिता गजभिये सहित शहर के कई प्रतिष्ठित नागरिक उपस्थित रहे।

# जेईई रिजल्ट में फिजिक्स वाला के 3 छात्रों के 99 पर्सेंटाइल से अधिक अंक

**नागपुर.**



एजुकेशन कंपनी फ़िजिक्सवाला (पीडब्लू) ने जेईई मेन 2025 सेशन 1 परीक्षा में अपने नतीजे घोषित किये हैं, जिनमें से एक ने गुजरात से 100 पर्सेंटाइल हासिल किया है। साथ ही 612 से अधिक छात्रों ने 99.5 पर्सेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है, 1359 से अधिक छात्रों ने 99 पर्सेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है, 3548+ छात्रों ने 98 पर्सेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है, और परिणामों की गिनती अभी भी जारी है।

नागपुर में फिजिक्स वाला के 3 छात्रों ने जेईई मेन सेशन 1 2025 के परिणामों में 99 पर्सेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। आर्यन राम राचेलवार (99.75), एकलव्य अनंत कुमार सिंह (99.73), और पर्व दिलीप हेड़ाऊ (99.27) नागपुर में पीडब्लू के शीर्ष 3 छात्रों में शामिल थे। चार राज्य टॉपर्स अपनी शानदार उपलब्धियों के साथ इस सूची में सबसे आगे हैं । गुजरात के शिवेन विकास तोशनीवाल ने 100 पर्सेंटाइल हासिल किए, मिजोरम के इशांत वर्मा ने 99.57 पर्सेंटाइल हासिल किए, अरुणाचल प्रदेश के प्रणय कुमार रॉय ने 99.38 पर्सेंटाइल हासिल किए और जम्मू-कश्मीर के कामरान बिलाल भट ने 99.89 पर्सेंटाइल हासिल किए, जो पीडब्लू के मॉक टेस्ट में उनके प्रदर्शन से काफी मेल खाता है । इन छात्रों ने पीडब्ल्यू के ऑफ़लाइन सेंटरों (विद्यापीठ और पाठशाला) या फिर ऑनलाइन बैचों (अर्जुन जेईई और लक्ष्य जेईई) से पढ़ाई की थी। यह पीडब्लू के डिजिटल और फिजिकल लर्निंग प्लेटफॉर्म के एकीकृत दृष्टिकोण को दर्शाती है, जिससे छात्रों को सर्वोत्तम तैयारी का लाभ मिला। अलख पांडे, अध्यापक,संस्थापक और सीईओ, फिजिक्स वाला, ने कहा, "सभी सफल छात्रों को बधाई! आपकी मेहनत ने बेहतरीन परिणाम दिए हैं। मैं उन छात्रों पर भी गर्व करता हूं, जिन्होंने अपेक्षित परिणाम नहीं प्राप्त किए।

# पोरवाल कॉलेज की टग ऑफ वॉर टीमों ने रचा इतिहास

**कामठी.**

> अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में पहली बार शानदार जीत

स्थानीय सेठ केसरीमल पोरवाल कॉलेज की पुरुष एवं महिला टग ऑफ वॉर टीमों ने अपने शानदार प्रदर्शन से राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय, नागपुर द्वारा आयोजित इंटर-कॉलेजिएट टग ऑफ वॉर (पुरुष/महिला 2024-2025 प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त कर एक नया कितीमान दर्जा कर कॉलेज का नाम रोशन किया।

यह प्रतियोगिता डी. बी. साइंस कॉलेज, गोंदिया द्वारा आयोजित की गई थी, जिसमें विभिन्न कॉलेजों की टीमों ने हिस्सा लिया। पोरवाल कॉलेज की टीमों ने कठिन संघर्ष, बेहतरीन टीम वर्क और जबरदस्त खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए पिछले साल की महिला सेमीफाइनलिस्ट टिम ज्योतिबा कॉलेज ऑफ़ फिजिकल एजुकेशन हिंगना को 2 - 0 से पराजित कर यह उपलब्धि हासिल की, उसी प्रकार पुरुष वर्ग ने भी जी. एस. कॉलेज वर्धा को 2 - 0 से कड़ी टक्कर देकर यह



खिताब जीता।

ध्यान रहे कि पोरवाल कॉलेज के इतिहास में यह पहली बार हुआ है। जब दोनों टीमो के खिलाड़ियों को एकसाथ कामयाबी हासिल हुई है।

पुरुष टीम के खिलाड़ी जिसमें मोहम्मद फरहान (कप्तान), लोगेश विजय (उपकप्तान), मोहम्मद अबुजर, मुनाक़िब अख्तर, पुष्कर आशीष यादव, मोहम्मद ज़ोहेब रेहान खान, मोहम्मद सरफराज, मोहम्मद मेराज़, अभिजीत यादव, मोहम्मद जुनैद अख्तर फैजी, महिला टीम की खिलाड़ी जिसमें संध्या सुखदेव बावणे (कप्तान), संध्या शरणागत (उपकप्तान), अश्विनी लिल्हारे, कोमल बोरघरे, स्नेहल बल्लारे, प्राची देवधगले, आशिका गजबिये, साल्फिया रज़ीक़, मानसी निशाण, आर्या बागड़े, कॉलेज के खेल संयोजक डॉ. जयंत कुमार रामटेके ने इस शानदार उपलब्धि पर गर्व जताते हुए कहा, "हमारी टीमों ने कठिन प्रतिस्पर्धा में बेहतरीन प्रदर्शन किया। यह उनकी मेहनत, और टीम भावना का नतीजा है। हमें विश्वास है कि आने वाले वर्षों में वे और भी बड़े मुकाम हासिल करेंगे। कॉलेज प्रशासन, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विनय चव्हाण, उपप्राचार्य डॉ. मनिष चक्रवर्ती, डॉ. रेणू तिवारी, डॉ. जितेंद्र तागडे, डॉ. प्रशांत डोंगल, डॉ. विनोद शेंडे, डॉ. निशिता अंबादे, वाय. डी मेश्राम, डॉ. विनोद कंबरी डॉ.महेश जोगी, डॉ. इंद्रजीत बसू, डॉ. सिद्धार्थ मेश्राम, शैलेश रामटेके एवं छात्र-छात्राओं ने विजेता टीमों को बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# 'बजट - 2025 और विकसित भारत' पर व्याख्यान आयोजित

**नागपुर.**

> वी एन आई टी में 'इंस्टीट्यूट लेक्चर' सीरीज की शुरुआत

विश्वेश्वरैया राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (वी एन आई टी) में गुरुवार को "बजट - 2025 और विकसित भारत" विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए मिलिंद कानडे ने मुख्य वक्ता के रूप में बजट-2025 का विश्लेषण किया और इसे विकसित भारत की परिकल्पना से जोड़ा। कानडे ने सरल भाषा में बजट के प्रमुख बिंदुओं को समझाया और जीएसटी, मनरेगा, तथा आयकर से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने नागरिकों से आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि वी एन आई टी के छात्रों और शिक्षकों के पास देश की प्रगति में योगदान देने के असीम अवसर हैं। कार्यक्रम की शुरुआत में डीन एकेडमिक डॉ. वी. आर. कलमकर और डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. रत्नेश कुमार ने कानडे का पौधा एवं स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। डॉ. कलमकर ने स्वागत भाषण भी दिया। इस



अवसर पर कुलसचिव सचिन जगदाले, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष, एसोसिएट डीन और बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. प्रकाश कुलकर्णी ने अतिथि वक्ता का परिचय प्रस्तुत किया। उल्लेखनीय है कि वी एन आई टी के निदेशक डॉ. प्रेमलाल पटेल की पहल पर 13 फरवरी को "इंस्टिट्यूट लेक्चर" सिरीज का शुभारंभ हुआ था। व्याख्यान के बाद आयोजित इंटरएक्टिव सत्र में छात्रों और शिक्षकों ने अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन विजया देशमुख ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. गौरव मिश्रा ने प्रस्तुत किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# कार से प्रतिबंधित तंबाकू पान मसाले की तस्करी

**नागपुर.**

प्रतिबंधित तंबाकू और पान मसाले की बड़ी खेप पुलिस के हाथ लगी है। ईंट-भट्ठी चौक में यशोधरा नगर पुलिस ने छापा मारकर कार से तस्करी कर रहे आरोपी को गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया है। कार समेत 21 लाख का माल जब्त किया गया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया । मामले की सूचना अन्न व औषधि विभाग को दी गई है।

मध्यप्रदेश से लाते हैं माल न्यू इंदौरा निवासी सुनील भिमटे (52) मंगलवार को कार क्र.एमएच 30 एए 4435



में विभिन्न कंपनियों का महाराष्ट्र में प्रतिबंधित तंबाकू और पान मसालों को भरकर ले जा रहा था। गश्त के दौरान संबंधित थाने की टीम संदेह होने पर पुराना कामठी रोड स्थित ईंट-भट्ठी चौक में कार को रोक कर तलाशी ली, तो कार से गोल्डन जाफरानी जर्दा की 6 बोरियां, जनम तंबाकू 2 बोरियां, रिमझिम तंबाकू की 12 बोरियां, सागर की 3 बोरी, राजश्री पान मसाले की 8 बोरी, विमल पान मसाले की 7 बोरी, रजनीगंधा के 2 बॉक्स आदि 4 लाख रुपए से भी ज्यादा का माल पुलिस के हाथ लगा है। आरोपी महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश की सीमा से लगे पांढुरणा, छिंदवाड़ा आदि शहरों से प्रतिबंधित माल की तस्करी कर लाते हैं और नागपुर में छोटे-बड़े व्यापारियों को बेचते हैं। उसके बाद यह माल पान टपरियों पर सप्लाई किया जाता है।

# किसानों को मिलेगा मात्र 10 रुपये में भोजन

**सावनेर.**

> कृषि उत्पन्न बाजार समिति सावनेर की अनोखी पहल
> पूर्व मंत्री सुनील केदार के हाथों हुआ शुभारंभ

कृषि उत्पन्न बाजार समिति, सावनेर ने किसानों के हित में एक अनूठी पहल की है। अब सावनेर कृषि यार्ड में अपनी फसल बेचने आने वाले किसानों को मात्र 10 रुपये में पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। यह योजना किसानों के लिए एक बड़ी राहत साबित होगी।

इस पहल का शुभारंभ 14 फरवरी को महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री और क्षेत्र के पूर्व विधायक सुनील केदार के हाथों हुआ। कृषि उत्पन्न बाजार समिति के उपहारगृह में आयोजित कार्यक्रम में फीता काटकर योजना की शुरुआत की गई। इस दौरान सहकार महर्षि स्व. बाबासाहेब केदार के चित्र का विधिवत पूजन और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कृषि उत्पन्न बाजार समिति सावनेर के अध्यक्ष रविंद्र चिखले, उपाध्यक्ष प्रकाश लांजेवार, संचालक सदस्य प्रविण झाडे, अशोक डवरे, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष शेषराव राहटे, पूर्व पंचायत समिति सभापति गोविंदा ठाकरे, पूर्व उपसभापति प्रकाश पराते, बाबाराव कोढे (अध्यक्ष, खरीदी विक्री संघ, कलमेश्वर), पूर्व जी.प. सदस्य बैजनाथ डोंगरे, प्रकाश खापरे, सावनेर तालुका कांग्रेस अध्यक्ष सतिष लेकुरवाळे, व्यापारी संघ सावनेर के पूर्व सचिव मनोज बसवार, प्रा. साहेबराव विरखरे, विधानसभा युवक कांग्रेस अध्यक्ष राजेश खंगारे, सरपंच विष्णू कोकर्डे सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस आयोजन की सफलता के लिए समिति के सदस्य सुरेश नवले, मयूर जिचकार, चंद्रशेखर कुंभलकर, विनोद जैन, सुरेश केने, प्रविण झाडे, सुभाष रहाटे, अशोक डवरे, जगदीश ठाकरे, देवाजी मुलमुले और अन्य सदस्यों ने कड़ी मेहनत की। यह योजना किसानों को सस्ती दर पर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने की दिशा में एक आदर्श पहल साबित होगी।





### भोजन में मिलेगा पौष्टिक आहार

किसानों को सिर्फ 10 रुपये में दाल, चावल, सब्जी, रोटी, पापड़, अचार आदि संपूर्ण भोजन प्रदान किया जाएगा। महंगाई के इस दौर में किसानों के लिए यह योजना एक मिसाल बन सकती है।

### पूर्व मंत्री सुनील केदार ने की सराहना

पूर्व मंत्री सुनील केदार ने अपने संबोधन में कहा कि सावनेर कृषि उत्पन्न बाजार समिति ने किसानों के हित में यह सराहनीय कदम उठाया है। उन्होंने समिति के अध्यक्ष रवींद्र चिखले, उपाध्यक्ष प्रकाश लांजेवार और उनकी पूरी टीम को इस उत्कृष्ट पहल के लिए बधाई दी। इसके साथ ही उन्होंने किसानों के साथ बैठकर भोजन भी किया।

# भारत कोकिला प्रथम महिला राज्यपाल सरोजिनी नायडू की मनाई जयंती

**कामठी.**

स्व. सरजू प्रसाद जी दुबे जनकल्याणकारी बहुउद्देशीय संस्था की ओर से भारत की प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, कवयित्री एवं देश की प्रथम महिला राज्यपाल सरोजिनी नायडू की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

जयंत कार्यक्रम की शुरुआत संस्था अध्यक्ष नीतू सरजू प्रसाद दुबे की अध्यक्षता एवं सचिव प्राजक्ता वासनिक की प्रमुख उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस मौके पर संस्था सचिव प्राजक्ता वासनिक ने कहा कि सरोजिनी नायडू महिला सशक्तिकरण की सशक्त मिसाल हैं। वह न केवल स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी थीं, बल्कि उनकी कविताएँ भी देशभक्ति और सामाजिक चेतना को जागरूक करने वाली थीं। सरोजिनी नायडू को भारत कोकिला कहा जाता है। वह



सिर्फ कवयित्री ही नहीं, एक सशक्त स्वतंत्रता सेनानी भी थीं। उन्होंने महात्मा गांधी के साथ स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया और नमक सत्याग्रह जैसे आंदोलनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1947 में भारत की आज़ादी के बाद वे उत्तर प्रदेश की पहली महिला गवर्नर बनीं। वहीं नीतू सरजू प्रसाद दुबे ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि, सरोजिनी नायडू को देशभक्त रूमानियत और गीत जैसे विषयों पर उनकी कविताओं के लिए उन्हें महात्मा गांधी द्वारा "भारत कोकिला" कहा जाता है। सरोजिनी नायडू हमेशा भारत में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए खड़ी रही। इसलिए वूमेन एंपावरमेंट के लिए किए गए उनके कामों को हमेशा याद किया जाता है ।

कार्यक्रम का संचालन शोभा मेश्राम व आभार प्रदर्शन जयश्री बोंबले ने व्यक्त की। कार्यक्रम में शशि बेलेकर, रानी बोंबले, शीला वासनिक, सुनंदा मेश्राम, जोशना मेश्राम, रश्मि मेश्राम, अरुणा भटकर, अमिता मेश्राम, रमाबाई दहाट, संघमित्रा मेश्राम, सिंधुबाई मेश्राम सहित अन्य सदस्यगण प्रमुखता में उपस्थित थे।




# सांस्कृतिक महोत्सव उत्साह पूर्वक संपन्न

**हिंगनघाट.** विद्या विकास शिक्षा संस्थान, द्वारा संचालित विद्या विकास हाई स्कूल एवं जूनियर कॉलेज में विद्यार्थियों की कला एवं प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. उमेश तुलसकर, अध्यक्ष, विद्या विकास शिक्षण संस्था ने की। सुभाष टाकले, विस्तार अधिकारी, शिक्षा विभाग, उद्घाटनकर्ता रहे। साथ ही डॉ. नयना तुलसकर (सचिव, विद्या विकास शिक्षण संस्था), डॉ. महेंद्र गुंडे (प्राचार्य, तुलसकर कॉलेज ऑफ फार्मेसी), नितेश रोडे (प्राचार्य, विद्या विकास जूनियर कॉलेज) एवं प्रा. अभय दांडेकर (प्राचार्य, ब्रिलियंट स्कूल) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा एवं दीप प्रज्वलन से हुई। पहले दिन आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इसके बाद गायन प्रतियोगिता, एक मिनट का शो और माइंड गेम जैसी रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें अभिभावकों ने भी भाग लिया और विजेताओं को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, सामाजिक संदेशपरक नृत्य, किसान नृत्य, हॉरर नृत्य और भारत की सांस्कृतिक विविधता को दर्शाने वाले नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशेष रूप से अभिभावकों द्वारा प्रस्तुत नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। उद्घाटनकर्ता सुभाष टाकळे ने विद्यार्थियों की प्रतिभा के विकास हेतु स्कूल द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। डॉ. उमेश तुलसकर ने अभिभावकों का सहयोग और सहभागिता के लिए आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे समर्थन की अपील की। डॉ. नयना तुळसकर ने छात्रों एवं अभिभावकों की उत्साही भागीदारी की प्रशंसा की और संस्था की छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई।

कार्यक्रम का परिचय प्राचार्य नितेश रोडे ने दिया और सभी शिक्षकों एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों के योगदान की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन प्रियंका मानकर एवं सुवर्णा तेलंग ने किया। सभी शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के सहयोग से यह सांस्कृतिक महोत्सव अत्यंत सफल रहा।

# भंडारा में 500 लाडली बहनों की पात्रता पर संकट

> सख्त जांच के बाद कई महिलाओं का योजना से कट सकता है नाम

**भंडारा.**



### अब कई महिलाओं की चिंता बढ़ी!

इस योजना के तहत मिलने वाली 1500 रुपये की मासिक सहायता से कई महिलाओं को आर्थिक मदद मिल रही थी। लेकिन अब नए नियमों के चलते उन्हें यह सहायता मिलती रहेगी या नहीं, इस पर संशय बना हुआ है। यदि वे अपात्र पाई जाती हैं, तो उनका नाम सूची से हटा दिया जाएगा, जिससे उन्हें यह लाभ मिलना बंद हो जाएगा। आने वाले दिनों में इस जांच का असर साफ नजर आएगा, लेकिन फिलहाल 500 महिलाओं के लिए यह एक बड़ी चिंता का विषय बन गया है।

महाराष्ट्र सरकार की माझी लाडकी बहीण योजना के तहत लाभ पाने वाली कई महिलाएं अब अपात्र घोषित होने की कगार पर हैं। पिछले सात महीनों से इस योजना के तहत महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये की आर्थिक सहायता मिल रही थी, लेकिन अब सरकार ने सख्त नियम लागू करते हुए पात्रता की दोबारा जांच शुरू कर दी है। इस प्रक्रिया में 500 महिलाओं की सूची तैयार की गई है, जिनकी जांच की जा रही है।

भंडारा जिले में कुल 2,99,971 महिलाओं ने इस योजना के लिए आवेदन किया था। हालांकि, दस्तावेजों की जांच के बाद पहले ही 1647 महिलाओं के आवेदन खारिज कर दिए गए थे। खारिज किए गए आवेदनों में गलत आधार नंबर, अस्पष्ट दस्तावेज, हस्ताक्षर का मेल न खाना, किसी और का आधार नंबर देना जैसी गलतियां पाई गई थीं। अब 500 और महिलाओं की पात्रता संदेह के घेरे में है। अब सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि केवल उन्हीं महिलाओं को योजना का लाभ मिलेगा, जो सभी नियमों और शर्तों पर खरी उतरती हैं। जिन महिलाओं के पास चार पहिया वाहन हैं या जो आयकर भरती हैं, उन्हें योजना से बाहर किया जा सकता है। इस वजह से कई महिलाओं ने खुद ही योजना से हटने के लिए आवेदन देना शुरू कर दिया है। भंडारा जिले में करीब 20 महिलाओं ने इस योजना से हटने के लिए आवेदन किया है।

सरकार ने महिला एवं बाल विकास विभाग को 500 लाडकी बहनों की सूची भेजी है, जिनकी पात्रता की दोबारा जांच की जा रही है। इस बारे में विभाग के प्रकल्प अधिकारी तुषार पवनीकर ने जानकारी देते हुए कहा कि सरकार द्वारा भेजी गई सूची के आधार पर कागजातों की जांच की जा रही है।

# जिले के 89 स्कूलों की बत्ती गुल

> कैसे चलेंगे कैमरे

**गोंदिया.** राज्य सरकार ने स्कूलों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय लेकर बच्चों की सुरक्षा का ध्यान रखा है. लेकिन अधिकांश जिला परिषद स्कूलों की बिजली आपूर्ति काट दी गई है. लगाए गए कैमरे बेकार हो जाएंगे. इसलिए बच्चों की सुरक्षा का मुद्दा बना रहेगा.

डिजिटल कक्षाओं, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और दैनिक ऑनलाइन कार्य करने के लिए बिजली की आवश्यकता है. बिजली न होने के कारण छात्र अंधेरे में पढ़ाई कर रहे हैं. इंटरनेट बंद होना, पंखे बंद होना जैसी किसी न किसी समस्या का सामना कर रहे हैं. गुणवत्तापूर्ण शिक्षा कैसे प्रदान की जाए और स्कूल कैसे चलाए जाएं, यह एक गंभीर मुद्दा बन गया है. महावितरण ने जिले के 89 स्कूलों की बत्ती गुल कर दी है.

जिला परिषद स्कूल का बिजली बिल कौन भरेगा, इस बारे में कोई स्पष्ट निर्देश नहीं हैं. शैक्षणिक कार्य महाराष्ट्र ग्राम पंचायत अधिनियम, 1958 की धारा 45 के शैक्षणिक प्रावधानों में शामिल हैं. इस प्रावधान के मद्देनजर वरिष्ठ अधिकारियों से मौखिक आदेश प्राप्त हुए हैं कि विद्यालयों के बिजली बिल का भुगतान ग्राम पंचायतों की ग्राम निधि व वित्त आयोग से किया जाए. हकीकत में उनका जवाब है कि कोई ठोस आदेश नहीं है, इसीलिए ग्राम पंचायत का कोई आदेश नहीं है, इसलिए वे स्कूलों का बिजली बिल नहीं भर सकते. छात्रों के समग्र विकास और सुरक्षा के हित में सरकार को यह जिम्मेदारी निर्धारित करनी चाहिए कि जिला परिषद स्कूलों का बिजली बिल कौन भरेगा. छात्रों के अभिभावकों को उम्मीद है कि बिजली कंपनी बकाया बिजली बिल का तुरंत भुगतान करने और मीटर उपलब्ध कराने का आदेश पारित करेगी. ऐसी मांगें हैं कि सौर ऊर्जा से चलने वाले कैमरे उपलब्ध कराए जाएं या फिर अब से बिजली के उपयोग के लिए अलग से निधि उपलब्ध कराई जाए.

# शक्तिपीठ महामार्ग समर्थन क्रिया समिति ने किया चक्काजाम

**यवतमाल.**



नागपुर से गोवा (पवनार से पत्रादेवी) तक बनाए जा रहे शक्तिपीठ एक्सप्रेसवे के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू होने के कारण किसान चिंतित हो गए हैं। किसानों को इस हाईवे के निर्माण से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन वे चाहते हैं कि उनकी कृषि भूमि का उचित मूल्यांकन कर एक एकड़ के बदले कम से कम दो करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए। इसी मांग को लेकर शक्तिपीठ महामार्ग समर्थन क्रिया समिति ने शुक्रवार को महागांव में चक्काजाम आंदोलन किया, जिससे यातायात प्रभावित रहा।

इस हाईवे के कारण महागांव तहसील के कई गांवों के किसान विस्थापित और भूमिहीन हो जाएंगे। हालांकि, किसान परियोजना के विरोध में नहीं हैं, लेकिन सरकार से अपील कर रहे हैं कि उनकी मांगों को ध्यान में रखते हुए उचित निर्णय लिया जाए। इसी को लेकर नागपुर-तुलजापुर हाईवे पर चक्काजाम किया गया।

सरकारी सार्वजनिक निर्माण विभाग ने 28 फरवरी 2024 को इस परियोजना को लेकर राजपत्र जारी किया था, जिसमें बताया गया था कि महागांव तहसील के किन गांवों की जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। किसानों का कहना है कि इस क्षेत्र की भूमि उपजाऊ और सिंचित है। अधिग्रहण के कारण किसानों की खेती प्रभावित होगी और कई छोटे किसान पूरी तरह से जमीन विहीन हो जाएंगे। आंदोलनकारी किसानों ने कहा कि अगर किसी किसान के पास 10 आर (0.1 हेक्टेयर) से कम भूमि बचती है, तो सरकार को उसे उचित मुआवजा देना चाहिए। भूसंपादन प्रक्रिया में रेडी रेकनर दरों या पिछले तीन वर्षों के बाजार मूल्य के आधार पर तय दरों को किसान अस्वीकार्य मान रहे हैं। उनका कहना है कि 2018 के बाद से इन दरों में कोई वृद्धि नहीं हुई है, जिसके कारण वर्तमान बाजार मूल्य की तुलना में अधिग्रहण दरें बहुत कम हैं। किसानों की मांग है कि उनकी जमीन का मुआवजा प्रति एकड़ दो करोड़ रुपये निर्धारित किया जाए। इसके अलावा, राजपत्र और वास्तविक भूमि अधिग्रहण क्षेत्र में बड़ा अंतर होने की बात भी किसानों ने उठाई। उन्होंने मांग की कि जमीन के सही माप-तौल के बाद एक संशोधित अधिसूचना जारी की जाए। किसानों ने कहा कि एक्सप्रेसवे के दोनों ओर सर्विस रोड बनाए जाएं और पुराने रास्तों को जोड़ने के लिए अंडरपास और पुलों का निर्माण किया जाए। इसके अलावा, जमीन अधिग्रहण से पहले किसानों को मिलने वाले मुआवजे की आधिकारिक सूची ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रकाशित की जाए। इस चक्काजाम आंदोलन में उटी, कलगांव, खडका, अंबोडा वाघनाथ, पोहंडुल और नेहरू नगर सहित कई गांवों के सैकड़ों किसानों ने हिस्सा लिया। आंदोलन के कारण नागपुर-तुलजापुर हाईवे पर काफी समय तक ट्रैफिक जाम लगा रहा और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कड़ा बंदोबस्त किया था।

# नौ माह पूर्व अगवा की गई नाबालिग लड़की छत्तीसगढ़ से बरामद

> आरोपी गिरफ्तार

**हिंगनघाट.**



पुलिस ने नौ महीने पहले अगवा की गई नाबालिग लड़की को छत्तीसगढ़ से बरामद कर लिया है। इस मामले में आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। लड़की को कानूनी प्रक्रिया के तहत हिरासत में लिया गया और हिंगनघाट पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया है।

दिनांक 11 मई 2024 को पीड़िता के परिजनों ने हिंगनघाट पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि उनकी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी को अज्ञात व्यक्ति ने शादी का झांसा देकर अगवा कर लिया। इस शिकायत के आधार पर हिंगनघाट पुलिस स्टेशन में अपराध क्रमांक 103/2024 के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने धारा 363, 370 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। इस मामले की जांच अनैतिक मानव तस्करी रोकथाम प्रकोष्ठ, वर्धा और स्थानीय अपराध शाखा, वर्धा द्वारा की गई। वर्धा के पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन के विशेष निर्देशों पर पुलिस निरीक्षकों और संबंधित टीमों का गठन किया गया।

तकनीकी जांच और मुखबिर की मदद से आरोपी की पहचान राम लक्ष्मण देऊललकर (निवासी कोरा, तह. समुद्रपुर, जिला वर्धा) के रूप में हुई। जांच में पता चला कि वह कांकेर (उत्तर बस्तर), छत्तीसगढ़ में छिपा हुआ था। इसके बाद एक विशेष टीम को वहां भेजा गया और आरोपी तथा नाबालिग लड़की को हिरासत में ले लिया गया।

गिरफ्तारी के बाद आरोपी को कानूनी प्रक्रिया के तहत हिंगनघाट पुलिस को सौंप दिया गया। वहीं, नाबालिग लड़की को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के तहत पुलिस स्टेशन लाया गया इस पूरी कार्रवाई का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सागर रतन कुमार कावड़े ने किया। पुलिस निरीक्षक विनोद चौधरी के मार्गदर्शन में स्थानीय अपराध शाखा, अनैतिक मानव तस्करी रोकथाम प्रकोष्ठ, साइबर सेल वर्धा और कांकेर (छत्तीसगढ़) पुलिस की टीम ने इस मिशन को सफल बनाया। इसमें प्रमुख रूप से स.फौ. सुभाष राऊत, पो.हवा. नितेश मेश्राम, म.पो.हवा. शबाना शेख, पो.शि. नवनाथ मुंडे, पो.हवा. अक्षय राऊत, गोविंद मुंडे (साइबर सेल, वर्धा) और कांकेर उत्तर बस्तर पुलिस अधिकारी राकेश बघेल ने अहम भूमिका निभाई। पुलिस की तत्परता और समर्पण से यह मामला सुलझाया गया। नाबालिग लड़की को सुरक्षित बचाकर आरोपी को गिरफ्तार करना वर्धा पुलिस की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। अब पुलिस आगे की जांच में जुटी है, जिससे आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।



# रोटरी उत्सव 2025 में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

> 'सबका दुख एक समान' कविता ने बांधा समां

**हिंगनघाट.** विदर्भ मर्चेंट प्रस्तुत अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन रोटरी उत्सव 2025 के अंतर्गत उत्सव परिसर में किया गया, जिसमें 15,000 से अधिक श्रोता उपस्थित रहे। इस भव्य कवि सम्मेलन की शुरुआत नीलम सोमानी (मोहपाड़ा) द्वारा सरस्वती वंदना से हुई। उन्होंने मां के पहले प्यार को समर्पित वेलेंटाइन डे की विशेष प्रस्तुति दी और पति-पत्नी के रिश्तों पर मार्मिक कविता सुनाकर भावनात्मक माहौल बना दिया।

छपारा (मध्यप्रदेश) से आए हास्य कवि मुकेश मनमौजी ने अपनी शानदार रचनाओं से सभी को हंसी के रंग में रंग दिया, वहीं बालाघाट के दिनेश देहाती ने हास्य-व्यंग्य के माध्यम से श्रोताओं को लोटपोट कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने समाज को संदेश देने वाली कविताएं भी प्रस्तुत कीं और गन्ने के रस के माध्यम से विभिन्न रसों की सुंदर व्याख्या की। वीर रस के कवि शांतिलाल कोचर गोल्डी ने गौ माता पर एक अत्यंत मार्मिक कविता सुनाई और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर एक विशेष काव्य रचना प्रस्तुत की, जिससे दर्शकों में जोश और उत्साह भर गया। इस कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन कवि मुरली लाहोटी ने अपनी बुलंद आवाज़ में किया। उन्होंने हिंदी भाषा के महत्व पर जोर देते हुए कहा, "हिंदी अपनाइए, प्रगति, गौरव और स्वाभिमान पाइए।" साथ ही उन्होंने "सबका दुख एक समान" कविता सुनाकर जीवन की सच्चाइयों को उजागर किया, जिसने हर श्रोता के दिल को छू लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नागपुर से असिस्टेंट कमिश्नर शिल्पा सोनाले उपस्थित रहीं। साथ ही, पूर्व प्रांतपाल किशोर केडिया, आनंद झुनझुनवाला, डॉ. अशोक मुखी, डॉ. प्रकाश लाहोटी, माया मिहानी पीपलवाजी, नारायण सेवा मंडल के पदाधिकारी, पत्रकार बंधु, काव्य प्रेमी, रोटेरियन और इनरव्हील सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कवि सम्मेलन के दौरान उत्सव अध्यक्ष पीतांबर चंदानी और क्लब अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने कवियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन पराग कोचर और मुकुंद मुंधड़ा ने सफलतापूर्वक किया। इस कार्यक्रम की सफलता के लिए रोटरी क्लब के सभी सदस्यों ने पूर्ण समर्पण और मेहनत से कार्य किया, जिससे यह कवि सम्मेलन यादगार बन गया।

# राहुल सोलापुरकर पर मामला दर्ज करने की मांग

> मराठा महासंघ ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा

**वर्धा.**



मराठा महासंघ ने इतिहासकार और अभिनेता राहुल सोलापुरकर के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की है। संगठन का आरोप है कि सोलापुरकर इतिहास को गलत तरीके से प्रस्तुत कर समाज में विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं।

मराठा महासंघ की विभागीय उपाध्यक्ष रोहिणी बाबर के नेतृत्व में यह ज्ञापन वर्धा के पुलिस अधीक्षक को सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि छत्रपति शिवाजी महाराज और छत्रपति संभाजी महाराज के मुगल बादशाह औरंगजेब के दरबार से बच निकलने की ऐतिहासिक घटना को सोलापुरकर ने गलत तरीके से पेश किया है। इतना ही नहीं, सोलापुरकर पर भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के खिलाफ भी आपत्तिजनक और अपमानजनक बयान देने का आरोप लगाया गया है। महासंघ का कहना है कि यह सामाजिक सद्भाव को ठेस पहुंचाने और शांति भंग करने का प्रयास है। मराठा महासंघ ने राज्य सरकार से मांग की है कि राहुल सोलापुरकर पर तत्काल मामला दर्ज किया जाए और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान विदर्भ सचिव दीपक कदम, जिलाध्यक्ष मनीषा निकम, युवती जिलाध्यक्ष मोनाली मोहिते, शहराध्यक्ष विवेक जगताप, महिला शहराध्यक्ष साधना पवार, सामाजिक कार्यकर्ता अलका भुगुल और नलिनी धानोरकर मौजूद थीं।



# शिवसेना ठाकरे गुट के पदाधिकारियों की फ्रीस्टाइल

> आरोप-प्रत्यारोप के साथ एक-दूसरे से भिड़े पदाधिकारी

**अमरावती.** अमरावती में महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण के सभागृह में शिवसेना ठाकरे गुट के पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में पदाधिकारियों की नियुक्ति और उनके कार्यक्षेत्र में हस्तक्षेप को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ। मोर्शी के पूर्व जिला परिषद सदस्य बंडू सावंत और मोर्शी के उपजिल्हा प्रमुख प्रफुल्ल भोजने के बीच तकरार हो गई, जो बाद में हाथापाई में बदल गई।

आगामी स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं के चुनाव के संदर्भ में शिवसेना ठाकरे गुट के पदाधिकारियों की बैठक हुई। लेकिन इस बैठक में बंडू सावंत ने आरोप लगाया कि प्रफुल्ल भोजने उनके क्षेत्र में हस्तक्षेप कर रहे हैं, जिसे वो बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस पर दोनों के बीच पहले तीखी बहस हुई और फिर हाथापाई शुरू हो गई। करीब पांच से सात मिनट तक दोनों के बीच फ्री स्टाइल चलती रही। इसके बाद अचलपूर के जिला प्रमुख नरेंद्र पडोळे और अन्य शिवसैनिकों के बीच भी आरोप-प्रत्यारोप हुए, जिससे सभा में खलबली मच गई।

इस घटना ने बैठक की शुरुआत से पहले ही माहौल को तनावपूर्ण बना दिया। जब विधायक नितिन देशमुख सभा में पहुंचे, तो उन्होंने इस विवाद को शांत किया। बैठक के दौरान ये भी चर्चा में था कि पुराने शिवसैनिकों को नजरअंदाज करके नई नियुक्तियां की गई थी, और इस बदलाव से कुछ वरिष्ठ पदाधिकारियों को भी जानकारी नहीं थी, जिससे ये विवाद और बढ़ गया। कार्यकर्ताओं के बीच यह मुद्दा अब चर्चा का विषय बन गया है।

# वाघोली शिवार में अवैध महुआ शराब पर पुलिस की कार्रवाई

> 3.59 लाख रुपये का माल नष्ट

**हिंगनघाट.**

पुलिस थाने की टीम ने 13 फरवरी को दोपहर 3 बजे वाघोली शिवार में विशेष अभियान चलाकर वहां से अवैध रूप से तैयार की जा रही महुआ शराब को जब्त किया। इस दौरान पुलिस ने कुल 3,59,390 रुपये मूल्य का अवैध शराब और संबंधित सामान नष्ट कर दिया। 14 फरवरी को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, इस मामले में आरोपी सुनील दुरगवार के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई ठाणेदार मनोज गबने के मार्गदर्शन में पुलिस कर्मी मनोज धात्रक और उनकी टीम ने की। पुलिस द्वारा अवैध शराब के खिलाफ लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं, ताकि क्षेत्र में इस तरह की गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके।

# भव्य खंजेरी भजन प्रतियोगिता का आयोजन



**हिंगनघाट.** श्री गुरुदेव सेवा मंडल हिंगणघाट द्वारा आयोजित विदर्भ स्तरीय भव्य खंजेरी भजन प्रतियोगिता का उद्घाटन राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रदेश महासचिव अतुल वांडिले के हाथों संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर अतुल वांडिले ने कहा कि राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज के विचार बीते समय से लेकर आज तक लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। हर साल नए लोग उनके विचारों से प्रभावित होकर सामाजिक कार्यों में जुड़ रहे हैं। उनके विचार सर्वधर्म समभाव पर आधारित हैं, और युवा पीढ़ी ग्राम गीता के माध्यम से उनके कार्यों को आत्मसात कर रही है। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। इस आयोजन में राकांपा विधानसभा बूथ अध्यक्ष अमोल बोरकर, गुरुदेव सेवा मंडल अध्यक्ष धनराज डंभारे, उपाध्यक्ष दादाराव कुबड़े, सचिव मूलचंदजी खंदार, गजानन फाले, डॉ. संजय हिवरकर, नारायणराव खाड़े, राजू चौधरी, श्याम कोरडे, दीपक वांढरे, दिनेश नेवारे, सुनीता हिवज सहित कई गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# सरपंच-उपसरपंच के मानधन में बढ़ोतरी

> राज्य सरकार ने जारी किया जीआर

**भंडारा.**




### 2,000 की आबादी वाले सरपंच को 6,000 रुपये का मानदेय

सरपंच का पारिश्रमिक 3,000 रुपये से बढ़ाकर 6,000 रुपये और उपसरपंच का पारिश्रमिक 1,000 रुपये से बढ़ाकर 2,000 रुपये करने का निर्णय लिया गया है. जिस ग्राम पंचायत की जनसंख्या 2000 से 8000 के बीच है, वहां सरपंच का पारिश्रमिक रु. 8000 से बढ़ाकर 4000 रुपये, जबकि उपसरपंचों का पारिश्रमिक 1500 से बढ़ाकर 3000 रुपये कर दिया गया है. 8,000 से अधिक आबादी वाली ग्राम पंचायतों में सरपंच का पारिश्रमिक 5,000 रुपये से बढ़ाकर 10,000 रुपये और उप-सरपंच का पारिश्रमिक 2,000 रुपये से बढ़ाकर 4,000 रुपये करने का निर्णय.

विधानसभा चुनाव से पहले सरकार ने 24 सितंबर को सरपंच और उपसरपंच का वेतन दोगुना करने का फैसला किया था. गांव की गाड़ी चलाने वाले ग्राम पंचायत के सरपंच और उपसरपंच का पारिश्रमिक दोगुना करने का निर्णय 24 सितंबर 2024 को कैबिनेट बैठक में लिया गया और बाद में उसी दिन इस निर्णय का शासनादेश भी जारी कर दिया गया था। हालाँकि, नई सरकार के सत्ता में आने के बाद भी, राज्य की 27,951 ग्राम पंचायतों के सरपंचों और उप-सरपंचों को अभी तक दोगुना वेतन नहीं मिला रहा था।

मानधन में बढ़ोतरी के बाद भी बढ़ा वेतन नहीं मिलने के कारण इसकी शिकायत की जा रही थी। जिसपर निर्णय लेते हुए गुरुवार को राज्य सरकार ने वेतन वृद्धि के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इस निर्णय के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनवरी 2025 से आगामी अवधि तक ग्राम पंचायत कर्मचारियों का वेतन, सरपंच, उपसरपंच एवं सदस्य का मानदेय, ग्राम पंचायत कर्मचारियों की भविष्य निधि राशि सहित भुगतान किया जाना है। इसके लिए राज्य सरकार ने सब्सिडी की राशि और ग्राम पंचायत कर्मचारियों के 19 महीने के न्यूनतम वेतन की बकाया राशि रु ३४६,२६,०८,००० की धनराशि वितरण और खर्च को मंजूरी मिल गई है।

# अमरावती महानगरपालिका में मिला फर्जी कर्मचारी

**अमरावती.** अमरावती में महानगरपालिका (Amravati Municipal Corporation) के निर्माण विभाग में पिछले ढाई साल से कनिष्ठ लिपिक के रूप में एक फर्जी कर्मचारी कार्यरत था। कोतवाली पुलिस की कार्रवाई में इस फर्जी कर्मचारी का खुलासा हुआ। गिरफ्तार आरोपी का नाम ओम पाटील है।



महानगर पालिका अधिकारियों द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर पुलिस ने उसे हिरासत में लिया। ओम पाटील ने मनपा में काम करने के लिए फर्जी दस्तावेज बनाए थे। ओम पाटील ने मनपा के कर्मचारियों जैसा खुद का पहचान पत्र बनवाया था और इसके जरिए वो मनपा के निर्माण विभाग में कनिष्ठ लिपिक के पद पर काम कर रहा था। इस फर्जी पहचान पत्र पर मनपा के उपायुक्त प्रशासन की स्वीकृति और मोहर भी लगी हुई थी। हालांकि, मनपा के ही के कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों को उसके कामकाज पर संदेह हुआ, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे मनपा परिसर से गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# कारा फाउंडेशन द्वारा आयोजित 'मैं काफी हूं' पुरस्कार का आयोजन

> आज शाम 4:00 बजे से 8:00 बजे तक
> डॉ बाबासाहब अंबेडकर कन्वेंशन सेंटर इंदौरा चौक नागपुर में आयोजित
> नागपुर में विधवा महिलाओं की संघर्षपूर्ण कहानियों को सम्मानित किया गया




## इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आप सभी सादर आमंत्रित हैं: प्रवेश नि:शुल्क

**नागपुर.** आज नागपुर के प्रसिद्ध डॉ. बाबासाहब आंबेडकर कन्वेंशन सेंटर में कारा फाउंडेशन ने एक भव्य पुरस्कार रात का आयोजन किया गया है, जिसमें विशेष रूप से विधवा महिलाओं को उनके संघर्षों और समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज की उन महिलाओं की कहानियों को उजागर करना था, जिन्होंने जीवन के कठिनतम दौर से गुजरते हुए भी अपनी ताकत और साहस से न केवल अपने परिवारों की जिम्मेदारी निभाई, बल्कि समाज में एक सशक्त उदाहरण पेश किया गया.

इस आयोजन में 14 प्रेरणादायक महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिनमें प्रमुख नाम थे: कविता मासुरकर, सरोज चांदने, डॉ. मंजरी जवादेकर, मंगला प्रकाश, रत्नमाला तांडेकर, सविता साहू, भगवती अमेसर, नंदा खेडकर, सुशीला ईजालदार, नीलिमा पानतावने, कांता मते, वंदना गजरिया, शांताबाई गजभिए, और माधुरी लोखंडे। इन महिलाओं को उनके संघर्षों और समर्पण के लिए पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे.

कार्यक्रम के दौरान, इन महिलाओं की कहानियों का मंचन किया गया, जिससे दर्शकों को गहरी प्रेरणा मिली। कारा फाउंडेशन की संस्थापक, जोया सिराज शेख ने कार्यक्रम की सफलता के बारे में बात करते हुए कहा, "हमारा उद्देश्य समाज के उस हिस्से को सम्मानित करना है, जिसे अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। इन महिलाओं ने न केवल अपने परिवारों को संभाला है, बल्कि अपनी कड़ी मेहनत और संघर्ष के जरिए समाज में बदलाव लाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।" इस कार्यक्रम में रेडियो सिटी 91.1 को रेडियो पार्टनर के रूप में और ओर्रा डायमंड ज्वेलरी को गिफ्टिंग पार्टनर के रूप में शामिल किया गया, जिन्होंने इस भव्य आयोजन को और भी खास बनाया। इस मौके पर मिस एंड मिसेज महाराष्ट्र, साथ ही मिसेज इंडिया सुप्रानेशनल के विनर को इस मौके पर आमंत्रित किया गया.

इस आयोजन में कारा फाउंडेशन ने न केवल विधवा महिलाओं के योगदान को सम्मानित किया, बल्कि समाज में उनके प्रति समझ और सम्मान बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी उठाया। साथ ही युवा पीढ़ी के नागपुरी इंफ्लुएंसर को भी प्रोत्साहित किया गया इस कार्यक्रम को देखकर यह साफ था कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शो ऑर्गेनाइजर, जोया सिराज शेख, (कारा जोया प्राइवेट लिमिटेड डायरेक्टर) बीटीपी ग्रुप के फाउंडर सिराज शेख, पूर्व नागपुर के विधायक डॉ. नितिन राऊत,साथ ही शहर की जानी-मानी हस्तियां प्रमुख रूप से उपस्थित रहेगी.



## सौसर तहसील में शौचालयों की सफाई नहीं, गंदगी से परेशान लोग

**सौसर.** सौसर के एसडीएम तहसील कार्यालय परिसर में बने हुए महिला पुरुष शौचालय की सालों से नहीं हुई है सफाई। गंदगी का लगा हुआ है अंबार बदबू से तहसील में आने वाले महिला पुरुष हो रहे परेशान है। तहसील के अधिकारियों का नही है ध्यान.

## शिंदे की राजनीति: समंदर जैसी चुनौती, देवेंद्र फडणवीस के लिए मुश्किलें बनीं

**मुंबई.**



देवेंद्र फडणवीस अगर समंदर हैं, तो एकनाथ शिंदे भी कोई कम नहीं हैं. जैसे देवेंद्र फडणवीस ने डंके की चोट पर समंदर की तरह महाराष्ट्र की राजनीति में वापसी की एकनाथ शिंदे भी उसी अंदाज में लगातार चैलेंज कर रहे हैं. 9 फरवरी को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का बर्थडे था. समर्थकों ने अपने नेता का बर्थडे मनाने के लिए बड़ा सा केक तो ला दिया, लेकिन चाकू लाना भूगये. जब चाकू नहीं मिल रहा था, तो एकनाथ शिंदे ने अपने आईफोन से ही केक काट दिया.

क्या एकनाथ शिंदे अब राजनीति भी इसी अंदाज में करने लगे हैं? और क्या इसीलिए देवेंद्र फडणवीस के लिए एकनाथ शिंदे लगातार चुनौती बने हुए हैं?

हाल फिलहाल देवेंद्र फडणवीस को कभी राज ठाकरे से घर जाकर मिलते देखा जा रहा है, तो कभी उद्धव ठाकरे वाली शिवसेना के नेताओं से उनके मिलने की खबर आती है. अव्वल तो शिवसेना को टूट जाने और उद्धव ठाकरे के बर्बादी की कगार पर पहुंच जाने के बाद बीजेपी और देवेंद्र फडणवीस की मुश्किलें खत्म हो जानी चाहिये थीं, लेकिन हाल के घटनाक्रम तो यही बता रहे हैं कि सब कुछ हो जाने के बाद भी लगता है जैसे कुछ भी नहीं बदला हो.

आखिर देवेंद्र फडणवीस चाहते क्या हैं? एकनाथ शिंदे से वो आर या पार ही क्यों नहीं कर लेते - डर किस बात का है? शिंदे की नाराजगी खत्म क्यों नहीं हो रही है एकनाथ शिंदे तो महाराष्ट्र विधानसभा के नतीजे आने वाले दिन से ही नाराज हैं. नाराजगी तो उनकी और पहले भी शुरू हो गई होगी, जब अमित शाह ने प्रेस कांफ्रेंस में पत्रकारों के सवाल के जवाब में कहा था, फिलहाल तो एकनाथ शिंदे ही मुख्यमंत्री हैं.

अमित शाह का बयान अपने आप में नतीजे आने से पहले ही बीजेपी की तरफ से साफ साफ इशारा था. लेकिन, चुनाव नतीजे आने के बाद भी एकनाथ शिंदे ने अलग अलग तरीके से अपनी नाराजगी जाहिर की. एक दिन तो रूठ कर अपने पैतृक गांव ही चले गये थे.

मुख्यमंत्री न बनाये जाने से ही नहीं, बल्कि एकनाथ शिंदे इसलिए भी नाराज हैं कि उनको गृह मंत्रालय नहीं मिला, और अजित पवार को उनका पसंदीदा वित्त मंत्रालय दे दिया गया.

और एकनाथ शिंदे की ये नाराजगी सरकारी बैठकों में भी महसूस की जा रही है. कभी वो देवेंद्र फडणवीस की बैठक से पूरी तरह दूरी बना लेते हैं, तो कभी ऑनलाइन जुड़ते हैं. मतलब, आमने सामने होने से परहेज करने लगे हैं. लेकिन, मुख्यमंत्री की बुलाई उस बैठक में भी शामिल न होना जो एकनाथ शिंदे के मंत्रालय से जुड़ी हो, देवेंद्र फडणवीस को परेशान तो करेगी ही - और वो फील्ड में भी नजर आ रहा है.



## "बचपन, किशोर और युवा स्वास्थ्य देखभाल" पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**सौसर.**

सौसर आयुष्मान आरोग्य मंदिर रिधोरा में "बचपन किशोर और युवा स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं "की थीम पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया शिविर का शुभारंभ सरपंच प्राची केंचे , उपसरपंच अमोल रंगारे ने किया शिविर में डॉ.सोना नाग शिववेदी होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी ने किशोर बालक बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण ,किया गया हीमोग्लोबिन वजन ऊंचाई एवं अन्य उपस्थित लोगों का बीपी, रक्तशर्करा तथा अन्य जाँच की गई। बाल्य किशोर युवा अवस्था का परिचय देते हुए उनमें होने वाले परिवर्तन एवं उचित पोषण आहार के सम्बन्ध मे बताया गया योग प्रशिक्षक और योग सहायक के द्वारा महिलाओं एवं बच्चों को योगाभ्यास, प्राणायाम करवाया गया एवं निः शुल्क औषधि प्रदान की गई। शिविर को सफल बनाने में औषधालय स्टॉफ छाया मरकाम अशोक लवाले का सहयोग रहा।



## विकास पथ पर अग्रसर सौसर विधानसभा

**सौसर.** सौसर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्थित ग्राम गांगतवाड़ा हेटी में क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक विजय चौरे द्वारा विधायक निधि से प्रद्त 1 लाख 25 हजार रुपए की लागत राशि से निर्माण हो रहे ग्रेवल सड़क निर्माण कार्य हेतु विधिवत् पूजन-अर्चन कर भूमि पूजन किया।

इस अवसर पर विधायक विजय चौरे,अशोक चौधरी,अनिल वनकर, कैलाश चौधरी,सरपंच सुधाकर सनेश्वर, उप सरपंच सुनील भोंगाडे, धनंजय ढोक,भाऊराव ढोक,पवन ढोक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## साइबर अपराध पर पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

> प्रमोद पोरे के नेतृत्व में राज येवले ने ओमनगर में दी जानकारी

**कामठी.**



नवीन कामठी थाना ने साइबर अपराध रोकने के लिए पुलिस ने पुलिस आयुक्त डॉ. रवींद्र सिंघल, परिमंडल क्र पांच पुलिस उपायुक्त निकेतन कदम, सहायक पुलिस उपायुक्त विशाल क्षीरसागर के मार्गदर्शन एवं नवीन कामठी थाना वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रमोद पोरे के नेतृत्व में पुलिस ने साइबर अपराधों से बचाव के लिए जागरूकता अभियान को जारी रखते हुए गुरुवार को रणाला ग्राम पंचायत स्थिति ओमनगर में दुर्गा ओमकारेश्वर मंदिर में आमजन को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। अभियान की अगुवाई नवीन कामठी थाना क्राइम पुलिस निरीक्षक राज येवले ने की। इस अभियान के तहत लोगों को साइबर अपराधों, नशे, महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों के बारे में जानकारी दी गई। जागरूकता अभियान में उन्होंने बताया कि साइबर अपराध लगातार बढ़ रहे हैं और अपराधी नए-नए तरीकों से ठगी कर रहे हैं। ऐसे अपराधों से बचने के लिए सावधानी और सतर्कता बेहद जरूरी है। साइबर इंटरनेट बैंकिंग, ऑनलाइन फ्रॉड, वॉलेट और यूपीआई से संबंधित धोखाधड़ी से बचने के उपाय बताए। उन्होंने आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम, बारकोड और व्हाट्सएप हैकिंग से बचने के लिए सावधानियां बरतने की सलाह दी। इसके अलावा, साइबर अपराधियों द्वारा सोशल मीडिया पर हनी ट्रैप, फर्जी वेबसाइट्स, गूगल से कस्टमर केयर नंबर सर्च करने और अनजान वीडियो कॉल से बचने के उपाय बताए गए। उन्होंने संचार साथी और टेफको पोर्टल की जानकारी देते हुए बताया कि इनका इस्तेमाल कर यह पता लगाया जा सकता है कि आपके नाम से कितने सिम जारी हुए हैं। यदि कोई सिम बिना आपकी जानकारी के जारी हुआ है, तो इसे रिपोर्ट कर बंद कराया जा सकता है। पुलिस की इस पहल से लोगों को साइबर अपराधों के खतरों के प्रति जागरूक होकर सतर्क रहने में मदद मिलेगी।

इस मौके पर ओमनगर दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष कनवरसिंग पंघाल, उपाध्यक्ष उदयसिंग यादव, मानद सचिव सौमित्र कल्याणी बैकुंठनाथ नंदी, कोषाध्यक्ष अन्नू श्रीकांत सिंधिया पाण्डेय, सदस्य नीलम राजकुमारसिंह बघेल, सदस्य दीपक माणिकराव निकोसे, सदस्य राजकुमार सिंह बघेल, सदस्य रश्मि मनोज जैन सहित पंडित रघुवर प्रसाद मिश्रा, मंदिर व्यवस्थापक पुरुषोत्तम वघरे, गोपाल फूलबांधे, नरेश घोरमाड़े, देवेंद्रसिंग हुंजन, दीपाली रेवतकर, रेखा श्रावण केझरकर, उर्मिला संजय बावनकुले, वंदना दीपक निकोसे, रेखा हेमराज पगाड़े, रेखा विजय जैसवाल, वनिता युवराज पगाड़े, वीणा सौमित्र नंदी, बबीता यादव, वैशू रेवतकर आदि गणमान्य नागरिक प्रमुखता से मौजुद रहें। कार्यक्रम में संचालन व आभार प्रदर्शन ओमनगर दुर्गा उत्सव समिति के मानद सचिव, उपसंपादक सौमित्र कल्याणी बैकुंठनाथ नंदी ने व्यक्त किया।

## मिडास कोचिंग का जेईई मेंस परिणाम में शानदार प्रदर्शन

>मिडास के छात्रों ने पूरे ज़िले को गौरवान्वित किया



**सौसर.** जेईई मेंस जनवरी की परीक्षा परिणाम की घोषणा में सौंसर-तहसील के छोटे से जगह में मिडास कोचिंग संस्था का ज़बरदस्त प्रदर्शन फिर से देखने को मिला जिसमे निशिद गणेश खंडाग्रे ने सबसे अधिक 99.64 प्रतिशत अंक हासिल किया तो वही दूसरे तरफ़ सुजल विनोद नशीने ने 99.26 प्रतिशत लेकर दूसरे स्थान पे रहे और तन्मय शैलेश वानखड़े ने भी 99.10 प्रतिशत लाकर सभी ने पूरे छिन्दवाड़ा-पांढुर्णा ज़िले को गौरवान्वित किया.! इनके साथ साथ 30 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये एवं क़रीब 65 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर पूरे ज़िले में मिडास संस्था के साथ साथ अपने माता-पिता का नाम रोशन कर मिडास ही मिडास का डंका बजा दिया! संस्था के संचालक विकास सिंह सर का कहना है कि यह पूरा श्रेय पालकगण के विश्वास और बच्चों के मेहनत और मिडास कोचिंग संस्था के सभी होनहार गुरुजनों के सही मार्गदर्शन के वजह से ही यह संभव हो पाया है जिससे बच्चे हर साल अपना बेहतर से बेहतर परिणाम देने में सक्षम हो पा रहे है !

अब तो ऐसा हो गया है कि जेईई नीट की परीक्षा में सबसे पहले लोगो में मिडास चर्चा का विषय बन जाता है की उनका क्या परिणाम रहा इस बार लोगो में उतना उत्साह उमंग भी देखने को मिला है की सौंसर का नाम हर साल की तरह इस साल भी मिडास की वजह से पढ़ाई के माहोल के प्रति नाम बरकरार रहे ताकि इससे मिडास के बच्चों के हौसले के साथ साथ जुनून भी बरकरार रहे ! सौंसर में बात करे तो मिडास संस्था के आने से बहुत अच्छा पढ़ाई का माहोल बना है और मोबाइल से दूर रह कर पढ़ाई करने का तरीक़ा एवं कोचिंग संस्था की उत्तम वेवस्था जैसे लाइब्रेरी में सेल्फ स्टडी, वन टु वन डाउट सेशन में बच्चों को समय देने के वजह से बच्चे अपने सही मार्गदर्शन के साथ अपने लक्ष्य पे फोकस कर पढ़ाई करते है दिन रात जिसका यह परिणाम है.

## सौसर और पांढुर्ना के विकास के लिए महत्वपूर्ण मांगें



सौसर. सौसर विधानसभा के एक प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व मंत्री नाना भाऊ मोहोड़ के नेतृत्व में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग से मिला। मोहोड ने बताया कि, पांढुर्णा नवगठित जिला बना है, पांढुरना एवं सौसर में कई शासकीय जिला कार्यालय खोला जाना है। मैंने जनता की मांग के आधार पर सौसर एवं पांढुर्णा में को आपरेटिव सेक्टर की बैंक, नवीन सोसायटियां खोलने का मांग पत्र सौंपा। इसके अलावा उपमुख्यमंत्री देवड़ा के समक्ष सौसर विधानसभा में विकास कार्य के लिए अतिरिक्त आवंटन देने की भी मांग की। अवसर पर भाजपा नेता इंदरचंद्र डागा, नगर पालिका उपाध्यक्ष विनोद जूनघरे, पार्षद प्रशांत ठाकरे आदि उपस्थित थे। मंत्रियों द्वारा मांग पूरी करने का आश्वासन दिया।



## गौमाता के स्वास्थ्य के लिए भव्य हवन समारोह सम्पन्न

**सौसर.** सौसर नगर पालिका गौशाला में एक भव्य और प्रेरणादायक हवन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें आर्ट ऑफ लिविंग के साधक, गौ सेवक टीम, और टाइगर ग्रुपके अंकित गुरवे के साथ-साथ सॉसर के एसडीएम सिद्धार्थ पटेल भी इस आयोजन में शामिल हुए।

इस विशेष हवन का उद्देश्य गौमाता की सेहत और समृद्धि के लिए दैवीय आशीर्वाद प्राप्त करना था, ताकि गौमाता हमेशा स्वस्थ और सुरक्षित रहें। हवन के बाद, गौमाताओं के लिये हरी घास लगाई गईऔर पौष्टिक हरे चारे का वितरण किया गया, जिससे उनकी सेहत को और भी मजबूती मिले।

इस आयोजन ने गौमाता के प्रति हमारी जिम्मेदारी और प्रेम को फिर से याद दिलाया, और यह कार्यक्रम सौसर शहर के विकास और गौमाता की भलाई के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। हम सभी से अनुरोध करते हैं कि हम इस प्रेरणा से आगे बढ़ें और गौमाता की देखभाल में अपना योगदान दें। एसडीएम सिद्धार्थ पटेल,आर्ट ऑफ लिविंग साधक, गौ सेवक टीम, और टाइगर ग्रुप के अंकित गुरवे की उपस्थिति को प्रमुखता से शामिल किया गया है, जिससे आयोजन का महत्व और भी बढ़ जाता है।

## नौकरी के नाम पर 3.43 लाख की ठगी

**नागपुर.** नौकरी लगाने का झांसा देकर एक महिला से 3.43 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। लकड़गंज पुलिस ने इस मामले में आरोपी निर्दोष सिंह सिरोही (मेरठ, उत्तर प्रदेश) के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज किया है। सूत्रों के अनुसार, पीड़ित महिला की तलाकशुदा सहेली विवाह के लिए वर खोज रही थी। इस दौरान उसकी पहचान एक वैवाहिक वेबसाइट पर निर्दोष सिंह से हुई। सिंह ने खुद को अमेरिका में पांच-छह साल बिताने वाला बताया और शादी की तैयारी भी दर्शाई। महिला की सहेली ने पीड़िता को निर्दोष सिंह के बारे में बताया, जिससे बातचीत के बाद सिंह ने पीड़िता की बेटी को नौकरी दिलाने का झांसा दिया। पीड़िता की बेटी बीसीए कर चुकी थी और नौकरी की तलाश में थी। इस मौके का फायदा उठाते हुए आरोपी ने नौकरी लगाने के नाम पर पैसों की मांग की। धीरे-धीरे उसने पीड़िता को दस-बारह क्यूआर कोड भेजकर कुल 3.43 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए। इसके बाद भी वह लगातार पैसों की मांग करता रहा, जिससे पीड़िता को ठगी का संदेह हुआ। पीड़िता ने तुरंत लकड़गंज थाने में शिकायत दर्ज कराई।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 269-7 | 358-6 |
| श्रीदेवी नाईट | 139-3 | 346-3 |
| प्रभात | 456-5 | 469-9 |
| प्रभात नाईट | 990-8 | - |
| डायमंड | 180-9 | 677-0 |
| मेन बाजार | 128-1 | - |
| मिलन डे | 178-6 | 239-4 |
| मेन रतन | 156-2 | 228-2 |
| कल्याण | 180-9 | 348-5 |
| राजधानी डे | 168-5 | 380-1 |
| राजधानी नाईट | 880-6 | - |
| कुबेर डे | - | - |
| डायमंड नाईट | 290-1 | 479-0 |

## माता–पिता पूज्यनीय व वंदनीय है: प्रताप मोटवानी

> वेलेंटाइन डे का बहिष्कार कर भारतीय संस्कृति में मातृ- पितृ पूजन दिवस मनाया जाए : प्रा विजय केवलरामानी

**नागपुर.**




पाश्चात्य जगत की नकल कर वेलेंटाइन डे की जगह पर भारतीय संस्कृति की रक्षा हेतु व भारतीय संस्कृति की प्राचीन ऋषि परंपरा के अनुसार 14 फरवरी 2025 को राजकुमार केवलरमानी सिंधु उच्च प्राथमिक शाला की ओर से स्कूली छात्रों और उनके अभिभावकों के साथ विधिवत माता पिता पूजन दिवस मनाया, प्रताप मोटवानी (विश्व सिंधी सेवा संगम के अंतराष्ट्रीय कार्यकारी सचिव ) के मुख्य आतिथ्य, प्रा विजय केवलरामानी (महाविद्यालय प्रबंधन के अध्यक्ष) की अध्यक्षता, नीलम आहुजा (प्राचार्या राजकुमार केवलरामानी कनिष्ठ महाविद्यालय), कैलाश केवलरामानी (महाविद्यालय प्रबंधन के महासचिव), रशमी वाधवानी (प्रधानध्यापिका राजकुमार केवलरमानी सिंधु उच्च प्राथमिक शाला), रिचा केवलरामानी (कोषाध्यक्ष) की प्रमुख उपस्थिती में संपन् हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथी प्रताप मोटवानी ने कहा कि आज के इस आधुनिक युग में पाश्चात्य कल्चर में आम आदमी अपनी संस्कृति व संस्कारो के महत्तव को अनदेखा कर रहा है। हमारी संनातन हिंदु संस्कृति मे माता- पिता को भगवान का दर्जा दिया गया जो कि अपनी संतान का निस्वार्थ भाव से संतान से सात्विक प्यार करते है इसलिए माता – पिता पूज्यनीय व वंदनीय है। आदिकाल में भी मर्यादा पुरुषोत्तम राम भी प्रात: उठने पर अपने माता-पिता को प्रणाम करते थे। प्रा. विजय केवलरामानी ने कहा कि गणेशजी ने माता –पिता भगवान शिव और पार्वती की सात बार प्रदक्षिणा कर जो पुण्य अर्जित किया, उसी पुण्य के कारण वे प्रथम पूज्यनीय बन गए। वही पुण्य हमें आज अपने माता-पिता की प्रदक्षिणा से प्राप्त होता है। आजकल पाश्चात्य सभ्यता की नकल करने वाले और हमारे बच्चों को गलत संस्कार देने वाले वेलेंटाइन डे का विरोध करते हुए, हमें भारतीय संस्कृति को प्रोत्साहित करते हुए मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाना चाहिए। अपने बच्चों में अच्छे संस्कार देने के लिए मातृ-पितृ पूजन दिवस प्रत्येक घर में मनाना चाहिए, क्योंकि संस्कारी व्यक्तित्व ही समाज में आदर्श स्थापित करता है और सफलता की ओर अग्रसर करता है। उन्होने आगे कहा कि पूज्यनीय संत आसाराम बापू भारत वर्ष में 14 फरवरी के दिअन मातृ- पितृ पूजन दिवस मनाने का सभी से आव्हान किया है।

नीलम आहुजा ने सभी अपने छात्रों को स्कूल आने के पूर्व अपने माता पिता का आर्शिवाद लेकर आने को कहा। उनके आर्शिवाद से ही बच्चे अपना भविष्य उज्वलमय बना सकते है। कैलाश केवलरामानी ने कहा कि आज बच्चों और अभिभावकों द्वारा मनाया गया यह पर्व बेहद ही आनंदमयी है। अब से हर साल अपने स्कूल में 14 फरवरी को भव्यता से इसे मनाएंगे।रशमी वाधवानी ने कहा कि आज इस पावन पर्व पर सभी लोग बेहद भावुक हो गए। ऐसा भारतीय संस्कृति से बच्चों और अभिभावकों के पूजन का पर्व पहिली बार देखने का अवसर मिला है।

रिचा केवलरामानी ने कहा आज के इस वैज्ञानिक व आधुनिक युग में हमारे बच्चे बडो का आदर करना, शिष्टाचार व नैतिक मुल्यों को भुल नही इसलिए हम प्रत्येक वर्ष 14 फरवरी को मातृ पितृ पूजन दिवस मनाते रहेगे जिससे की बच्चों में अच्छे संस्कार का उदय हो।इस अवसर पर बच्चों से माता पिता का विधिवत पूजा अर्चना करवाई, सर्वतिथमयी माता, सर्वदेवनमयः पिता, माता पिता को तिलक लगा कर नमन करवाना,आश्रीवाद लेकर गले लगाना,गणेशजी के समान परिक्रमा करना, और अंत में मुंह मीठा करना मातृ पितृ पूजन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए डॉ अनिता चंदवानी, प्रिती तिबुडे, पंकज हेमनानी, अर्चना त्रिपाठी, श्रीमती रेखा दासवानी व कशिश केवलरामानी ने अथक प्रयास किए।कार्यक्रम का प्रारंभ सर्वप्रथम अतिथियों ने माता सरस्वती और झूलेलाल के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया । कार्यक्रम का मंच संचालन मिताली मेहता व आभार प्रदर्शन रिचा केवलरामानी ने किया।